
# ज़रा सिर खुजलाइए




**भाग:4** डॉ घोलू दक्षिणी ध्रुव के पास स्थित किसी ऐसी जगह से शुरुआत कर सकते थे जहां से दक्षिण की ओर 10 किलोमीटर जाने के बाद, पूर्व दिशा में जाने पर वे दक्षिणी ध्रुव के ठीक दो चक्कर लगा लेते! यह पढ़ते ही आपको ख्याल आ गया होगा कि इसी तरह ऐसे स्थान भी हो सकते हैं कि पूर्व की ओर 10 किलोमीटर जाने पर दक्षिण ध्रुव के तीन चक्कर लग जाएं, 4 चक्कर लग जाएं, ...... n चक्कर लग जाएं। जहां पर n कोई भी धनात्मक पूर्णांक हो सकता है।

यानी कि इस समस्या के अनंत वृत्तों पर स्थित, अनंत हल हो सकते हैं! इन सब अनंत हलों में स्वाभाविक है कि शुरुआती बिन्दु दक्षिण ध्रुव से 11.59 और 10 किलोमीटर के बीच होंगे।

**पुन:** इस किस्से का एक और प्रचलित स्वरूप है जिसमें एक शिकारी पाता है कि ठीक दक्षिण दिशा में 100 मीटर की दूरी पर एक भालू खड़ा है। इतने में भालू पूर्व की तरफ 100 मीटर चल देता है जबकि शिकारी अपनी जगह पर खड़ा रहता है। फिर शिकारी अपनी बंदूक ठीक दक्षिण दिशा में दागकर चला देता है जिससे भालू मारा जाता है। तो बताइए कि भालू का रंग क्या होगा?

स्वाभाविक जवाब है सफेद – क्योंकि उत्तर ध्रुव के पास ध्रुवीय भालू ही पाया जाएगा। परन्तु जैसा कि हमने देखा कि यह जगह दक्षिणी ध्रुव के पास भी हो सकती है। फिर भी भालू का रंग सफेद ही रहेगा!



अगले अंक में पढ़िए एक नया किस्सा।